**E-Mail**

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–19/2023............................**

## आदेश

प्रस्तुत वाद श्री विश्वविजय कुमार (Emp. ID No.- AEN02227), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा पारित आदेश ज्ञापांक–2640 दिनांक–03.04.2023 के विरूद्ध अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार के समक्ष दिनांक–19.04.2023 को दायर किये गये अपील में दिनांक–18.08.2023 को अपीलीय प्राधिकार द्वारा पारित आदेश के आलोक में पुर्नसुनवाई की गई है।

वाद की सुनवाई दिनांक–03.10.2023, 03.11.2023 को की गई। निदेशालय पत्रांक–8653 दिनांक–26.10.2023 के द्वारा अपीलार्थी को दिनांक–03.11.2023 के 04:00 अपराह्न में उपस्थित रहने का पत्र निर्गत किया गया।

आवेदक उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम पाया गया कि निदेशालय पत्रांक–1519 दिनांक–15.02.2023 के द्वारा इनके अंक पत्र/प्रमाण–पत्रों के सत्यापन हेतु पत्र कुल सचिव, सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके आलोक में कुल सचिव, सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा अपने पत्र सं0–126 दिनांक–28.02.2023 के द्वारा इनके प्रमाण पत्र को Not Verified किया है। इस संबंध में फर्जी नियोजन के विरूद्ध आवेदक से निर्धारित समय के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया, परंतु आवेदक द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, तदालोक श्री कुमार की संविदा समाप्त की गयी।

सुनवाई के क्रम में आवेदक द्वारा अपने पक्ष में प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति समर्पित करते हुए बताया कि पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा मेरे Provisional Certificate का Serial No. साफ–साफ नहीं होने की वजह से ऐसी मानवीय भूल हो गयी तथा मेरे प्रमाण–पत्रों को विश्वविद्यालय द्वारा Not Verified कर दिया गया है। आवेदक द्वारा यह भी बताया गया कि वर्त्तमान में लोक सूचना अधिकार से मांगे गये सूचना में मेरे अंक–पत्र, डिप्लोमा प्रमाण–पत्र सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये है, की सूचना विश्वविद्यालय द्वारा आवेदक को उपलब्ध करायी गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा सूचना के अधिकार अन्तर्गत निर्गत पत्र आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अपीलार्थी के कथन एवं रक्षित अभिलेखों के गहनता से अवलोकन किये जाने पर ज्ञात हुआ कि अपीलार्थी ने प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक–28.03.2019 को ऑनलाईन सिविल इंजीनियरिंग के प्रमाण पत्र के बिना आवेदन समर्पित किये है, जबकि अपीलार्थी का डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय द्वारा (प्रोविजनल) दिनांक–30.03.2019 को जारी किये गये है।

स्पष्ट है कि आवेदन भरने की तिथि तक अपीलार्थी के पास डिप्लोमा इन सिविल इन्जीनियरिंग का प्रमाण–पत्र नहीं था। अपीलार्थी द्वारा बिना डिप्लोमा इन सिविल इंजिनीयरिंग के प्रमाण–पत्र पर गलत तरीके से नियोजन प्राप्त किया गया है, जो नियोजन के निर्धारित शर्त्त/पात्रता के विरूद्ध है। नियोजन के शर्त्तो/पात्रता के विरूद्ध अपीलार्थी का नियोजन/कॉउसिलिंग करने वाले अधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ की गयी है। सुनवाई के दौरान आवेदक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अंग्रेजी माध्यम से डिप्लोमा की परीक्षा उत्तीर्ण की गयी है। तत्पश्चात Personality Test as Diploma in Civil Engineering के आलोक में आवेदन लिखने को मौखिक रूप से कहा गया जिस संबंध में आवेदक द्वारा अपने प्रमाण–पत्रों की जाँच सम्बन्धी निम्न आवेदन लिखा गया–

To The

Director Land Records Bihar patna

sub- Not vimified .

I am vishwavijay kumar My father name - Mahesh prasad yadav parasbanni post Jamal nagar ps. salkhua distt saharsa SRKU student for addiMission 2015 to 2018 batch

cow

My cows is Red colurm 5 liter Milk daily for four leg 2 to eye village goess daily porchge for Eating daily My life family Milk porchge the Market My father daily Eating cows Evening and Morning long time My village duty cows

vishwavijay kumar
father— Mohesh prasad yadav
at parasbanni post Jamal nagar
PS salkhua distt - saharsa Bihar
852126

(1) Build Machines
(2) Surveying
(3) Physics
(4) chemistry
5. Mathamatics
(6) Drawing Engg
(7) structure Engg
(8) Building Material
(9) Environment Engg
(10) construction
(11) Eastimation of costing
(12) Basic of computer

सुनवाई के दौरान आवेदक से साक्ष्य इत्यादि के रूप में Semester wise Fee Receipt की मांग की गयी परन्तु अपीलार्थी कोई विशिष्ट तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहे। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि आवेदन की तिथि तक आवेदक के पास आवश्यक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं था एवं संदिग्ध प्रमाण पत्रों के आलोक में वे सेमेस्टरवार अथवा समेकित फीस भुगतान का साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं कर पाए ऐसे में आवेदक को सर्वे जैसे सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्य में बनाये रखना उचित नहीं है।

अत उक्त विवेचना के आलोक में श्री विश्वविजय कुमार (Emp. ID No.- AEN02227), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज को पुर्ननियोजित नहीं किया जा सकता है।

ह0/—
**निदेशक,**
**भू—अभिलेख एवं परिमाप**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—19/2023....9083......**पटना, दिनांक** :—30/11/2023

**प्रतिलिपिः**— श्री विश्वविजय कुमार (Emp. ID No.- AEN02227), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज, Email ID- vishwvijay7@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

30/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–19/2023........9083........ **पटना, दिनांक** :–30/11/2023

**प्रतिलिपिः–** समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), किशनगंज को सूचनार्थ प्रेषित।

30/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–19/2023........9083........ **पटना, दिनांक** :–30/11/2023

**प्रतिलिपिः–** प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–19/2023........9083........ **पटना, दिनांक** :–30/11/2023

**प्रतिलिपिः–** निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

30/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–19/2023........9083........ **पटना, दिनांक** :–30/11/2023

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

30/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–19/2023........9083........ **पटना, दिनांक** :–30/11/2023

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप